# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, मीरजापुर

(वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार–वितरण समारोह 2020–21 के शुभ अवसर पर प्रस्तुत स्वागत–सम्बोधन एवं प्रगति आख्या)

तपोभूमि भारत के अर्न्तगत जनपद मीरजापुर में गंगा के तट पर ऐतिहासिक नगरी चुनार में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार–मीरजापुर के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह–2020–21 के शुभ गवसर पर सर्वप्रथम परमादरणीय मुख्य अतिथि श्री अनुराग सिंह माननीय विधायक चुनार–मीरजापुर तथा विशिष्ट अतिथि श्री दिलीप सिंह–प्रबन्धक आर्दश जनता डिग्री कालेज, कोलना, चुनार–मीरजापुर का सहर्ष हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। आज के समारोह में उपस्थित विशिष्टजन, प्राध्यापकवृंद, शिक्षणेत्तरकर्मी, गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण पत्रकार–बन्धु तथा छात्र–छात्राएं आप का भी यथायोग्य स्वागत करता हूँ और शुभकामनाए देता हूँ।

यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा सेवा की एक अद्वितीय उपलब्धि है जो सन् 1997 ई0 से सेवारत है और उच्च शिक्षा में कीर्तिमान स्थापित करता हुआ अग्रसर है। पठन–पाठन, शिक्षणेत्तर क्रिया–कलाप और नकलविहिन परीक्षा के लिए इसका अपना एक खास स्थान है।

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के स्नातक स्तर पर कला संकाय के आठ विषयों तथा विज्ञान संकाय के पॉच विषयों में साथ ही साथ स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के सात विषयों में तथा विज्ञान संकाय के पॉच विषयों में शिक्षण की व्यवस्था है। यहॉ अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की कुल संख्या–1612 है। यहॉ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में सभी कक्षाओं में प्रवेश आन–लाईन किया जाता है।

यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव की बात है कि महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बेंगलुरू के पत्र संख्या–NAAC/WW/Cert.A&A/EC(4th SC)/72/14 दिनांक– 31.12. 2014 द्वारा विहित मूल्यांकन के पश्चात् बी ग्रेड प्रदान किया गया है। निःसंदेश यह महाविद्यालय के लिए सर्वोत्तम उपलब्धि है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने महाविद्यालय को 2–एफ एवं 12 बी0 की सूची में सम्मिलित है, जिससे महाविद्यालय उक्त आयोग से आर्थिक अनुदान प्राप्त करने हेतु पूर्ण सक्षम हो गया।

महाविद्यालय परिसर पूर्णतः वाई–फाई व्यवस्था से सुसज्जित है और कम्प्यूटर आधारित कार्य प्रणाली की ओर अग्रसर है। आई.क्यू.ए.सी. सेल भी पूर्णतः कार्यरत है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अर्न्तगत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्ष अभियान (रूसा) के तहत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये विहित प्रपत्र में निर्देशानुसार महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु विगत वर्षो में प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था। इससे महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय भवन हेतु रू0–75 लाख की स्वीकृत प्राप्त हुई हैं तथा कार्यदायी संस्था आवास विकास निगम द्वारा उक्त वाणिज्य संकाय भवन की निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पद का सृजन भी इसी वर्ष कर दिया गया है। उम्मीद है कि आगामी सत्र से वाणिज्य संकाय की कक्षाओं प्रारम्भ हो जायेगी। यहॉ विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि रूसा के अर्न्तगत इस सत्र में महाविद्यालय में 20 कम्प्यूटर का कम्प्यूटर सेन्टर , लाइब्रेरी आटोमेशन एवं 02 स्मार्ट क्लास का निर्माण/स्थापना किया गया है एवं इस अवस्थापना सुविधाओं का लाभ विद्यार्थीयों को मिल रहा है। वर्तमान सत्र में रूसा मद के अर्न्तगत लगभग 15 लाख के प्रयोगशाला उपकरणों के कय हेतु जेम पोर्टल से प्रकिया चल रही है। रूसा मद द्वारा ही रसायन विज्ञान व्याख्यान कक्ष को सेमिनार हाल के रूप में रिनोवेशन करवाया गया जिससे आनलाईन आधुनिक शिक्षा का लाभ विद्यार्थियों को मिल सकें।

कोविड के कारण लाक–डाउन की अवधि में महाविद्यालय के प्राध्यापको द्वारा अनवरत रूप से आन–लाईन कक्षाओं का संचालन किया गया साथ ही साथ विडियों लेक्चर/ अन्य पाठ्य सामग्री छात्र–छात्राओं को उपलब्ध कराने के साथ साथ महाविद्यालय की वेबसाइट तथा उत्तर प्रदेश शासन के ई–लाइब्रेरी पोर्टल पर भी अपलोड किया गया जिससे इस महाविद्यालय के अतिरिक्त अन्य संस्थान के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिल सकें। कोविड लाक–डाउन के अवधि में महाविद्यालय द्वारा तीन आन–लाईन राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बेवीनार का आयोजन भी किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय द्वारा विज्ञान में आधुनिक आविष्कार विषय पर प्रोफेसर रमेश चन्द्रा वैज्ञानिक ने अमेरिका से तथा डॉ0 सूर्य प्रकाश सिंह ने आई0आई0सी0टी0 हैदराबाद से आन–लाईन व्याख्यान दिया जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा भारत की वैश्विक दृष्टि विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कुलपति केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार , डॉ0 महेन्द्र राम पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन ने व्याख्यान दिया। महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा योग एवं आयुर्वेद विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर उमाकान्त यादव विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रोफेसर रामसुमेर यादव, लखनऊ विश्वविद्यालय तथा प्रोफेसर उपेन्द्र त्रिपाठी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी ने व्याख्यान दिया। यहाँ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि छात्र हित के दृष्टिगत रसायन विज्ञान विभाग द्वारा राजकीय महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र, राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुर, राजकीय महाविद्यालय भदोही एवं राजकीय महाविद्यालय औराई के संयुक्त तत्वावधान में डॉ0 सूबेदार यादव के नेतृत्व में 10 दिवसीय पी0जी0 केमेस्ट्री लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रसायन विज्ञान विभाग द्वारा ए0के0एस0 विश्वविद्यालय सतना मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार का भी आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त कुल 20 प्राध्यापक, 08 शिक्षणेत्तरकर्मी सेवारत है, जबकि बी.एड. संकाय में 07, गणित में 02, जन्तु विज्ञान में 01, अर्थशास्त्र में 01 तथा अंग्रेजी में 01 पद रिक्त है।

महाविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त प्रतिभा को समृद्ध करने वाले शिक्षणेत्तर किया–कलापों के अन्तर्गत क्रीड़ा समारोह, अन्तर्महाविद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग, रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, परिषदीय प्रतियोगिताएँ, वाद–विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्तर–प्रदेश शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति के अन्तर्गत विगत नवरात्र से आगामी नवरात्र तक महिला सुरक्षा के दृष्टिगत छात्राओं के लिए साप्ताहिक परामर्श सत्र एवं विधिक अधिकारों के लिए विभिन्न विषयों पर आनलाईन व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से डॉ0 रविकान्त मिश्रा विधि विभाग–नार्थ हिल पर्वतीय विश्वविद्यालय शिलांग मेघालय, डॉ0 अंशुमान मिश्र विधि विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा डॉ0 कविता शर्मा असिस्टेंट डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी ने व्याख्यान दिया। 08 मार्च 2021 महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 रश्मि यादव तथा डॉ0 ऋचा शर्मा काशी नरेश राजकीय पी0जी0 कालेज ज्ञानपुर भदोही ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ द्वारा डॉ0 रेनु श्रीवास्तव सीनियर डायटीशियन जमुना सेवा सदन के सहयोग से छात्राओं के लिए स्वास्थय और पोषण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अर्थव्यवस्था व कोविड–19 विषय पर डॉ0 अंजलि अग्रवाल काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी का आनलाइन व्याख्यान एवं अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस, गाँधी जयन्ती गणतन्त्र दिवस तथा विभिन्न महापुरूषों/वीरांगनाओं के जयन्ती/शहीदी दिवस भी मनाया गया।

यहॉ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा इस महाविद्यालय को शोध केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान किया गया तथा समाजशास्त्र विषय में डॉ0 रजनीश के निर्देशन में दो शोधार्थी तथा हिन्दी में डॉ0 कुसुम लता के निर्देशन में तीन शोधार्थियों का पंजीकरण हुआ। विश्वविद्यालय परीक्षा 2020 में वनस्पति विज्ञान की छात्रा–फरीन बानो ने एम0एस–सी0 वनस्पति विज्ञान में द्वितीय स्थान पर रहकर रजतपदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी कम में वनस्पति विज्ञान की सीमा प्रजापति ने छठॉ स्थान, सोनम सिंह ने सातवॉ स्थान ,प्रियांसी दूबे ने नौवॉ स्थान, नौशीन ने दसवॉ स्थान, रसायन विज्ञान के प्राची पटेल ने छठवॉ स्थान, जन्तु विज्ञान के प्रांजल ने सतवॉ तथा शिखा सिंह ने नौवॉ स्थान, समाजशास्त्र के मोनिका कुशवाहा सतवॉ स्थान संस्कृत के अनूप कुमार पाठक ने पाचवॉ स्थान, राजनीतिशास्त्र के आरती मौर्या ने सतवॉ स्थान तथा गणित के खुशबु मौर्या ने पाचवॉ, साक्षी गुप्ता ने सातवॉ तथा सोनाली केशरवानी ने दसवॉ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ0 राजेश कुमार दूबे द्वारा जन्तु विज्ञान विषय पर दो पुस्तको का भी प्रकाशन करवाया गया जिसमें एक पुस्तक जर्मनी से तथा दूसरी भारत के प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा प्रकाशित किया गया ।

महाविद्यालय में क्रीड़ा हेतु किकेट, वालीबाल, कैरम बोर्ड, शतरंज, बैडमिन्टन आदि की सुविधायें है जिनसे यहॉ के छात्र–छात्रा लाभाविन्त होते रहे है। वार्षिक कीड़ा समारोह के अन्तर्गत कुल 21 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन राजकीय महिला महाविद्यालय अदलहाट की प्राचार्या डॉ0 सुधा पाण्डेय तथा समापन महाविद्यलाय के प्राचार्य द्वारा किया गया। इस आयोजन में छात्र वर्ग में जितेन्द्र कुमार तथा छात्रा वर्ग में बबिता कुमारी चैम्पियन रहीं।

महाविद्यलाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक–23 फरवरी से 01 मार्च 2021 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मेरे द्वारा तथा समापन डॉ0 सुमन मोहन –राजकीय महाविद्यालय पलही पट्टी द्वारा किया गया। शिविर के दौरान शिविरार्थियों द्वारा श्रमदान, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा कोविड से बचाव सम्बन्धित विषयों पर परिचर्चा तथा विविध कार्यकमों का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स के पांच दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक–18 से 22 फरवरी 2021 तक समपन्न हुआ समस्त कार्यकमों का नेतृत्व डॉ0 प्रभात कुमार सिंह एवं डॉ0 नलिनी सिंह ने किया। कोविड–19 लाक–डाउन के अवधि में रोवर्स/रेंजर्स द्वारा निःशुल्क मास्क का वितरण किया गया तथा उससे बचाव पर विविध कार्यकमों का भी अयोजन किया गया।

महाविद्यालय के कुल 05 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने आन–लाईन अभिविन्यास/पुनश्चर्या कार्यकम में प्रतिभाग किया।

सत्रपर्यंत मेरा प्रयत्न रहा है कि यह महाविद्यालय सर्वागीण विकास करे और उन्नत से उन्नत स्थान प्राप्त कर उच्च शिक्षा विभाग का नाम रोशन करें। पुनः एक बार आज के मुख्य अतिथि महोदय एवं सभी का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन करता हूँ।

**जय हिन्द!**

15.03.2021 — 15/03/2021

(डॉ0 सूबेदार यादव)
संयोजक, आख्या समिति

(डॉ0 अशर्फी लाल)
प्राचार्य